कार से 1392 शीशी नकली अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

Publish Date:Thu, 12 Apr 2018 10:51 PM (IST)

कुशीनगर : गुरुवार की भोर में चार बजे तरयासुजान थाने की बहादुरपुर चौकी पुलिस ने सलेमगढ़

कुशीनगर : गुरुवार की भोर में चार बजे तरयासुजान थाने की बहादुरपुर चौकी पुलिस ने सलेमगढ़ हफुआं बाईपास मार्ग पर एक लग्जरी कार से 29 पेटियों मे 1392 शीशी नकली अंग्रेजी शराब बरामद कर तस्कर को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कारवाई में जुट गई। जानकारी के मुताबिक उक्त चौकी के दीवान चंद्रशेखर ¨सह, सिपाही सुशील यादव, कालका प्रसाद, कमलेश ¨सह व सुनील ¨सह रात्रि गश्त से लौट रहे थे कि सलेमगढ़ एनएच हाईवे चौराहे पर कार संख्या डी एल 3 सी एए 4161 खड़ी थी। पुलिस ने शक के आधार पर चालक से पूछताछ करना चाहा तो वह गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछाकर सलेमगढ हफुआं ¨लक मार्ग के मोड़ पर उसे दबोच लिया। तलाशी में गाड़ी से उक्त मात्रा में शराब बरामद हुई, जिस पर न रैपर था और न ही होल मार्क था। पकड़े गए तस्कर अजय कुमार गिरी ग्राम करियां थाना गोपालगंज बिहार निवासी ने पुलिस के पूछताछ में बताया कि शराब तमकुहीराज के एक गांव से लादकर बिहार ले जाया जा रहा था। प्रभारी थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शराब तस्करी के स्त्रोतों की जांच की जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/kushinagar-1392-vial-from-the-car-recovered-fake-english-liquor-one-arrested-17815135.html